भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.02.2026 के

तारांकित प्रश्न सं. 76 का उत्तर

थावे-पटना जंक्शन के बीच रेलगाड़ी का परिचालन

*76. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि थावे-पटना जंक्शन के बीच चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 03215/03216 को बिना किसी पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह निर्णय स्थायी है या अस्थायी है; और

(ग) क्या सरकार को इस बात से भी अवगत कराया गया है कि उक्त रेलगाड़ी, जिसका उपयोग शिक्षा, रोगियों के चिकित्सा उपचार, व्यवसायियों और आम यात्रियों द्वारा वाणिज्यिक कार्यकलापों और गोपालगंज और आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जा रहा है, के बंद होने से आर्थिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 04.02.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 76 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल द्वारा यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने का निरंतर प्रयास किया जाता है और इसी उद्देश्य के तहत नई गाड़ी सेवाएँ शुरू की जाती हैं, मौजूदा गाड़ी सेवाओं का विस्तार किया जाता है और उनके फेरे बढ़ाए जाते हैं।

इसके अलावा, यातायात के स्वरूप, व्यावसायिक औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता आदि को ध्यान में रखते हुए नियमित गाड़ी सेवाओं के परिचालन द्वारा उपलब्ध सीटों में बढ़ोतरी करने तथा व्यस्त सीज़न, त्योहारों, धार्मिक आयोजनों आदि के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ की सम्हलाई के लिए, भारतीय रेल द्वारा स्पेशल गाड़ियों का परिचालन भी किया जाता है और मौजूदा गाड़ी सेवाओं की संख्या बढ़ाई जाती है। तदनुसार, गाड़ी संख्या 03215/03216 पटना-थावे स्पेशल गाड़ी का 30.11.2025 तक परिचालन किया गया।

वर्तमान में, थावे स्टेशन को 34 गाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है, जिनमें गाड़ी सं. 15079/15080 पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस की दैनिक सेवा शामिल है, जो पटना तक संपर्कता मुहैया कराती है।

थावे स्टेशन को सेवित करने वाली गाड़ियों की सूची निम्नानुसार है:

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	19045 सूरत - थावे ताप्ती गंगा एक्सप्रेस
2	19046 थावे - सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस
3	15113 गोमती नगर - छपरा एक्सप्रेस
4	15114 छपरा - गोमती नगर एक्सप्रेस
5	15079 पाटलिपुत्र - गोरखपुर एक्सप्रेस
6	15080 गोरखपुर - पाटलिपुत्र एक्सप्रेस
7	18181 टाटानगर - थावे एक्सप्रेस
8	18182 थावे - टाटानगर एक्सप्रेस
9	15135 छपरा - अमृतसर एक्सप्रेस
10	15136 अमृतसर - छपरा एक्सप्रेस
11	15133 छपरा - आनंद विहार (टर्मिनस) अमृत भारत एक्सप्रेस
12	15134 आनंद विहार (टी) - छपरा अमृत भारत एक्सप्रेस
13	75106 गोरखपुर - थावे डेमू
14	75104 थावे - छपरा डेमू
15	55113 थावे - छपरा डेमू
16	55115 थावे - कप्तानगंज पैसेंजर

17	75103 छपरा - थावे डेमू
18	75105 थावे - नकाहा जंगल डेमू
19	55036 गोरखपुर कैंट - सीवान पैसेंजर
20	55110 छपरा कचहरी - थावे पैसेंजर
21	55105 छपरा कचहरी - थावे पैसेंजर
22	55112 थावे - मशरख पैसेंजर
23	55107 थावे - कप्तानगंज पैसेंजर
24	55116 कप्तानगंज - थावे पैसेंजर
25	55109 थावे - छपरा कचहरी पैसेंजर
26	55037 सीवान - थावे पैसेंजर
27	55038 थावे - सीवान पैसेंजर
28	55104 छपरा कचहरी - थावे पैसेंजर
29	55108 कप्तानगंज - थावे पैसेंजर
30	55106 थावे - छपरा कचहरी पैसेंजर
31	55103 थावे - छपरा कचहरी पैसेंजर
32	55111 थावे - छपरा कचहरी पैसेंजर
33	55035 सीवान - गोरखपुर कैंट पैसेंजर
34	55114 थावे - सीवान पैसेंजर

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर नई गाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत प्रक्रिया है जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

******